**म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड**
**आंचलिक कार्यालय इन्दौर संभाग**

**क0/बोर्ड/भा0भु0यो0/एम0आई0एस0/2025/4446 इन्दौर, दिनांक 17/10/25**

**प्रति,**

**प्रबंध संचालक**
**म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड**
**भोपाल**

**विषय :– सोयाबीन भावान्तर भुगतान योजना अंतर्गत केन्द्र स्थापित करने के संबंध में ।**

**संदर्भः– सचिव कृषि उपज मण्डी समिति गोतमपुरा का पत्र कमांक 807 दिनांक 16.10.2025 ।**

उपरोक्त विषयातंर्गत निवेदन है कि इंदौर संभाग की कृषि उपज मण्डी गोतमपुरा की उपमण्डी बेटमा में सरचनांए स्थापित नहीं होने से भावान्तर भुगतान योजना अंतर्गत सोयाबीन खरीदी केन्द्र स्थापित नहीं किया गया हैं परन्तु उपमण्डी बेटमा अनाज मण्डी एसोशिएशन द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर सोयाबीन भावान्तर भुगतान योजना अंतर्गत उपमण्डी बेटमा में सोयाबीन खरीदी केन्द्र स्थापित करने हेतु निवेदन किया गया हैं वर्तमान में उपमण्डी बेटमा में संरचनाए स्थापित करने की कार्यवाही प्रचलन में हैं ।

उपमण्डी बेटमा में बाउण्ड्रीवॉल एवं अन्य सभी अधोसरंचनाए नहीं हैं । जिस कारण केन्द्र स्थापित करने में कठिनाई हैं ।

अतः मण्डी गोतमपुरा से प्राप्त पत्र उचित कार्यवाही हेतु श्रीमान की ओर प्रेषित है।

**संलग्नः– उपरोक्तानुसार।**

**संयुक्त संचालक**
**म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड**
**इंदौर संभाग इन्दौर**

**क0/बोर्ड/भा0भु0यो0/एम0आई0एस0/2025/4447 इन्दौर, दिनांक 17/10/25**

**प्रतिलिपिः–**

1. संयुक्त संचालक नियमन म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित ।
2. सचिव कृषि उपज मण्डी समिति गोतमपुरा की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

**संयुक्त संचालक**
**म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड**
**इंदौर संभाग इन्दौर**

# कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति गौतमपुरा जिला इन्दौर म.प्र.

क्रमांक / मण्डी / निर्माण / भा.भू.यो. / 2025–26 / 847 गौतमपुरा दिनांक 16-10-25

प्रति

संयुक्त संचालक
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
इन्दौर संभाग, इन्दौर

विषयः– भावान्तर योजना का केन्द्र स्थापित करने के संबध में।
संदर्भ :– उपमंडी बेटमा अनाज व्यापारी एसोसिएशन द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र ।

–– 00––

उपरोक्त विषय एवं संदर्भ में निवेदन है कि राज्य शासन द्वारा कृषकों को उनकी उपज सोयाबीन पर लाभ प्रदान किये जाने हेतु भावांतर भुगतान योजना प्रारंभ की गई जिसके अंतर्गत मुख्यमंडी गौतमपुरा एवं उप मंडी देपालपुर में संरचनाएं स्थापित होने एवं ई–मंडी का सफल कियान्वयन होने से भावांतर भुगतान योजना अंतर्गत सोयाबीन खरीदी केन्द्र स्थापित किया गया है।

उपमंडी बेटमा में संरचनाएं स्थापित ना होने के कारण वहां पर भावांतर भुगतान योजना अंतर्गत सोयाबीन खरीदी केन्द्र स्थापित नहीं किये जाने से उपमंडी बेटमा अनाज व्यापारी एसोसिएशन द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर भावांतर भुगतान योजना अंतर्गत सोयाबीन खरीदी केन्द्र स्थापित करने हेतु निवेदन किया गया है। वर्तमान में उपमंडी बेटमा में संरचनाएं स्थापित किये जाने की कार्यवाही प्रचलन में है।

अतः संदर्भित आवेदन पत्र, पत्र के संलग्न आगामी कार्यवाही हेतु श्रीमान की ओर सादर प्रेषित है।

संलग्न :– संदर्भित आवेदन

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति
गौतमपुरा जिला इन्दौर

क्रमांक / मण्डी / निर्माण / भा.भू.यो. / 2025–26 / गौतमपुरा दिनांक

प्रतिलिपि :–

1. प्रबंध संचालक, महो, म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. कलेक्टर महो. इन्दौर जिला–इन्दौर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. अनुविभागीय अधिकारी, महो विधानसभा क्षेत्र क.203 देपालपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. भारसाधक अधिकारी कृषि उपज मण्डी समिति गौतमपुरा की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
5. अनाज व्यापारी एसोसिएशन बेटमा की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
6. प्रभारी, उपमंडी बेटमा की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

S.d
सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति
गौतमपुरा जिला इन्दौर

## अनाज व्यापारी एसोसिएशन
बेटमा

Phone: 7000634501 I 7000474361
Web: anajvyaparlassoslationbetma@gmail.com
Address: कृषि उपज मंडी समिति, उप मंडी बेटमा

प्रति,
माननीय
**जिला अधिकारी महोदय**
जिला इंदौर

कृषि उपज मण्डी समिति
गौतमपुरा, जि.इन्दौर
आवक क्रं..808........
दिनांक..16.10.25......
हस्ताक्षर

विषय :- भावन्तर योजना का केंद्र स्थापित करने बाबद

उपरोक्त विषय में यह सुचीत करने मै आता है की किसान हीत में शुरू होने जा रही अत्यन्त लाभकारी भावान्तर योजना बड़ी ही महत्वपूर्ण योजना है। एवं सभी किसानों को इसका अधिक से अधिक लाभ मिलना चाही। इसी संदर्भ में सुचित करने में आता है की बेटमा उपमन्डी क्षेत्र भी एक बेहद बड़ा कृषि उत्पादन क्षेत्र है जीस में 80 से अधिक गाँव आते है। उन सभी किसानो को भी इस योजना का लाभ सुलभता से मिले एवं किसी भी प्रकार की कठीनाइयों का सामना न करना पड़े इसके लिए आप से विनम्र निवेदन है कि बेटमा उपमन्डी में भी भावान्तर योजना का एक केन्द्र स्थापीत हो एवं सुचारु रूप से क्षेत्रीय किसानो को इस योजना का लाभ प्राप्त हो।

महोदय को सूचित करने में आता है कि पूर्व में भी जब यह योजना आई थी तो इसका एक केन्द्र बेटमा उपमंडी मे स्थापित किया गया था एवं बड़े ही सरलता व पारदर्शता से इसका संचालन किया गया था।

अतः महोदय से समस्त व्यापारी एवं किसान संघ यह अनुरोध करता है कि बेटमा उपमंडी में भी इस लाभकारी योजना का एक केंद्र स्थापित करने की कृपा करे, तथा अनाज व्यापारी एसोसियेशन यह आश्वाशन देता है कि हमारी तरफ से शाशन को पूर्ण योगदान रहेगा एवं किसी भी प्रकार की शिकायत का मौका नहीं मिलेगा।

धन्यवाद

डीडीओ/संचालक
(हस्ताक्षर)
कार्यालय को
तत्काल आवश्यक
करें।

आग्रह कर्ता
अनाज व्यापारी एसोसिएशन बेटमा
कृषि उपज मंडी समिति गौतमपुरा
उप मंडी बेटमा

| | | | |
|---|---|---|---|
| (हस्ताक्षर) | (हस्ताक्षर) | (हस्ताक्षर) | (हस्ताक्षर) |
| **आजीत जैन** | **आयुष जैन** | **राहुल अग्रवाल** | **रणजीत पंवार** |
| अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष | उपाध्यक्ष |

...पाटीदार (पटेल)
...सदस्य, वार्ड क्र. 18
...शिक्षा एवं संचार समिति
...पंचायत इन्दौर (म.प्र.)

कार्यालय जिला पंचायत, इन्दौर
निवास। ग्राम-मेठवाड़ा,
तह.देपालपुर जिला-इन्दौर
जिला पंचायत, इन्दौर(म.प्र.)
मो.9926176253

[illegible]

दिनांक ..................

श्रीमान सचिव महोदय,
कृषि उपज मण्डी समिति गौतमपुरा जि इन्दौर (म.प्र.)

विषय - कृषि उपज उप मण्डी बेटमा मे भावंतर योजना का केन्द्र स्थापित कराने हेतु।

महोदय,

उपरोक्त विषय मे श्रीमान जी से निवेदन है कि शासन द्वारा आयोजित भावंतर योजना का केन्द्र बेटमा उप मण्डी मे भी यह सुविधा प्रदान कि जावे। जिससे इस क्षेत्र के 80 से 100 ग्रामीण गांव के किसानों को लाभ मिल सके मै किसान प्रवक्ता के रूप मे आपको आश्वासन देता हु कि मण्डी समिति को किसी भी प्रकार कि असुविधा उत्पन्न नही होगी। यही आपसे निवेदन है।

अत: सभी विषयों को ध्यान मे रखते हुऐ बेटमा उप मण्डी मे भावंतर योजना का केन्द्र स्थापित किया जावे।

ह. दशरथसिंह पटेल
जिला पंचायत सदस्य
इन्दौर

[illegible]